No 1 fastjob searchers सबसे तेज update www.fastjobsearchers.com Job Portal

www.fastjobsearchers.com

सबसे तेज update !

# BSSC 3rd Graduate Level Exam Syllabus 2022

प्रश्न **वस्तुनिष्ठ एवं बहुविकल्पीय होंगे**। कुल **प्रश्नों की संख्या 150** होगी। प्रत्येक सही उत्तर के लिए **4** अंक दिये जायेंगे तथा प्रत्येक गलत उत्तर के लिए **1** अंक की कटौती की जाएगी। परीक्षा की **अवधि** 2 **घंटा** 15 **मिनट** की होगी। प्रारंभिक परीक्षा में भाषा का माध्यम हिन्दी / अंग्रेजी होगा। अगर हिन्दी एवं अंग्रेजी के प्रश्न त्रों में कोई भिन्नता होगी, तो अंग्रेजी के प्रश्न ही मान्य होंगे।

**सिलेबसः- प्रारंभिक परीक्षा का सिलेबस निम्न प्रकार से है:**

**खंड (क) सामान्य अध्ययन** (General Study) **:-** इसमें प्रश्नों का उद्देश्य अभ्यर्थी के आस-पास के वातावरण की सामान्य जानकारी तथा समाज में उनके अनुप्रयोग के संबंध में उसकी योग्यता की जाँच करना होगा। वर्तमान घटनाओं और दिन-प्रतिदिन की घटनाओं के सूक्ष्म अवलोकन तथा उनके प्रति वैज्ञानिक दृष्टिकोण जैसे मामलों की जानकारी संबंधी ऐसे प्रश्न भी शामिल किये जायेंगे, जिनके बारे में जानकारी रखने की किसी भी शिक्षित व्यक्ति से अपेक्षा की जाती है। इसमें बिहार, भारत और इसके पड़ोसी देशों के संबंध में विशेष रूप से प्रश्न पूछे जा सकते हैं।

i. **सम-सामयिक विषय** (Current Affairs) **:-** वैज्ञानिक प्रगति, राष्ट्रीय / अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार, भारतीय भाषाएँ, पुस्तक, लिपि, राजधानी, मुद्रा, खेल-खिलाड़ी, महत्वपूर्ण घटनाएँ

ii. **भारत और उसके पड़ोसी देश** (India And Its Neighboring Countries) **:-** पड़ोसी देशों का इतिहास, भारत का इतिहास, संस्कृति, भूगोल, आर्थिक परिदृश्य, स्वतंत्रता आन्दोलन, भारतीय कृषि तथा प्राकृतिक संसाधनों की प्रमुख विशेषताएं, भारत का संविधान एवं राज्य व्यवस्था, देश की राजनीतिक प्रणाली, पंचायती राज, सामुदायिक विकास, पंचवर्षीय योजना एवं राष्ट्रीय आन्दोलन में बिहार का योगदान ।

**खंड (ख) सामान्य विज्ञान एवं गणित (General Science And Mathematics)** :- इसमें सामान्यतः मैट्रिक स्तर के निम्न विषय से प्रश्न पूछे जा सकते हैं:

i. **सामान्य विज्ञान (General Science):-** भौतिक शास्त्र, रसायन शास्त्र, जीव विज्ञान, भूगोल ।

ii. **गणित (Mathematics)** :- संख्या पद्धति से संबंधित प्रश्न, पूर्ण संख्याओं का अभिकलन, दशमलव और भिन्न, संख्याओं के बीच परस्पर संबंध, मूलभूत अंक गणितीय संक्रियाएं, प्रतिशत अनुपात तथा समानुपात, औसत, ब्याज, एवं लाभ और हानि।

**खंड (ग) मानसिक क्षमता जाँच (Mental Ability Test)** :- इसमें शाब्दिक एवं गैर शाब्दिक दोनों प्रकार के प्रश्न पूछे जा सकते हैं। इस घटक में निम्न से संबंधित यथासंभव प्रश्न पूछे जा सकते हैं:- सादृश्य, समानता एवं भिन्नता, स्थान कल्पना, समस्या समाधान, विश्लेषण, दृश्य स्मृति, विभेद, अवलोकन, संबंध अवधारणा, अंक गणितीय तर्कशक्ति, अंक गणितीय संख्या श्रृंखला, कूट लेखन एवं कूट व्याख्या